प्रेस विज्ञप्ति

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## पुरूषों में योगेश, संदीप, सुदीश व उदयवीर जबकि महिलाओं में राधा, उमा, सोनिका सबसे तेज धावक

पंतनगर स्टाफ स्पोर्ट्स क्लब के तत्वावधान में 25वीं एथलीट प्रतियोगिता के अन्तर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न आयु वर्ग में खिलाडियों ने अपना दमखम दिखायी। 60वर्ष से अधिक आयु वर्ग में डा. बी.एस. कार्की ने लॉग जम्प, शाटपुट व डिस्कस थ्रो में पहला, 55वर्ष से अधिक आयु वर्ग में किशोर कुमार ने 800मी. व 1500मी. में पहला, डा. राधा बाल्मीकि ने 100मी., शाटपुट व डिस्कस थ्रो ने पहला, बीसी कांडपाल ने शाटपुट, जैवलिन थ्रो व जैवलिन थ्रो में पहला, योगेश पंत ने 100मी. व 200मी. में पहला स्थान प्राप्त किया। 50वर्ष से अधिक आयु वर्ग में डा. संदीप कुमार ने 100मी., 5 कि.मी. पैदल चाल व शाटपुट में पहला, अमरेश चौधरी ने 3 कि.मी. पैदल चाल, शाटपुट व डिस्कस थ्रो में पहला, 45वर्ष से अधिक आयु में विजय टमटा ने 5कि.मी. पैदल चाल व 800मी. में पहला, अमित जोशी ने लॉग जम्प व 400मी. में पहला, डा. अनिल कुमार ने शॉटपुट व हैमर थ्रो में पहला, 40वर्ष से अधिक आयु में बसंती ने 3कि.मी. पैदल चाल, 400मी. व 200मी. में पहला, खेम सिंह ने 800मी., 400मी. व 200मी. में पहला, उमा भंडारी ने 100मी., लॉग जम्प व डिस्कस थ्रो में पहला, सुदीश राय ने 100मी., लॉग जम्प व त्रिकूद में पहला, 35वर्ष से अधिक आयु में सुनील कुमार ने 400मी. व 200मी. में पहला, जया भाकुनी ने 800मी. व 1500मी. में पहला, मीनाक्षी वर्मा ने लॉग जम्प व 400मी. में पहला, सुनीता थापा ने 100मी. व जैवलिन थ्रो में पहला, संदीप रमोला ने लॉग जम्प व त्रिकूद में पहला, शिव शंकर ने 800मी. व 1500मी. में पहला, 30वर्ष से अधिक आयु में शिवेन्द्र चौहान ने जैवलिन थ्रो व हैमर थ्रो में पहला, बिकेस कुमार ने 800मी. व 1500मी. में पहला, दीपक चन्द्र जोशी ने 5कि.मी. पैदल चाल व 5000मी. दौड में पहला, उदयवीर ने 100मी., 200मी. व 400मी. में पहला, डा. सोनिका चौहान ने 100मी., लॉग जम्प व 200मी. दौड़ में पहला, रमा मेर ने 3कि.मी. पैदल चाल व 1500 मी. में पहला जबकि 30वर्ष से कम आयु वर्ग में अनिल जोशी ने शॉटपुट व डिस्कस थ्रो में पहला, नीरज भट्ट ने 400मी. व जैवलिन थ्रो में पहला, जितेन्द्र यादव ने 1500मी. व 5000मी. दौड़ में पहला स्थान हासिल किया। सभी विजयी प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि कार्यवाहक कुलपति व कुलसचिव डा. दीपा विनय, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. बृजेश सिंह, अधिष्ठाता स्नातकोत्तर डा. आर.वी. रावरेकर, निदेशक निर्माण एवं संयंत्र डा. ज्योति प्रसाद, निदेशक संचार डा. जेपी जायसवाल, प्रभारी शारीरिक शिक्षा डा. पूनम त्यागी व सह निदेशक शारीरिक शिक्षा डा. जी.एस. बोहरा ने सम्मानित किया।



*विजेता प्रतिभागी को सम्मानित करतीं मुख्य अतिथि कुलसचिव डा. दीपा विनय व अन्य।*